भारत सरकार
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 1255
दिनांक 09 **फरवरी**, 2023

चालू पेट्रोल पंप

†1255.**कुमारी राम्या हरिदास**:

क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) आज की तारीख के अनुसार देश में चालू पेट्रोल पंपों की राज्य-वार कुल संख्या कितनी है;
(ख) पेट्रोल पंपों पर सरकार की विभिन्न योजनाओं/नीतियों के विज्ञापन पर कुल कितना व्यय किया गया है;
(ग) पेट्रोल पंपों पर प्रदान की जाने वाली मूलभूत सुविधाओं का ब्यौरा क्या है; और
(घ) सरकार द्वारा यह सुनिश्चित करने के लिए कि ये मूलभूत सुविधाएं सभी पेट्रोल पम्पों पर प्रदान की जाएं, क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री
(**श्री रामेश्वर तेली**)

(क) दिनांक 01.01.2023 की स्थिति के अनुसार तेल कंपनियों के खुदरा बिक्री केन्द्रों की राज्य/संघ शासित प्रदेश-वार कुल संख्या **अनुलग्नक** में दी गई है।

(ख) सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों (ओएमसीज) ने अप्रैल, 2021 से दिसंबर, 2022 के दौरान पेट्रोल पंपों पर केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं/नीतियों के विज्ञापन पर 27.11 करोड़ रुपए का व्यय किया है।

(ग) से (घ): सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों (ओएमसीज) ने अपने खुदरा बिक्री केन्द्रों (आरोज) पर मूलभूत सुविधाओं जैसे पीने योग्य पानी, जनता की सुविधाएं, वाहनों के लिए मुफ्त हवा की सुविधा आदि का प्रावधान अधिदेशित किया है। पीएसयूज तेल विपणन कंपनियों के द्वारा उनके खुदरा बिक्री केन्द्रों (आरोज) पर इन मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता को सुनिश्चित करवाने के लिए आवधिक निरीक्षण किए जाते हैं और मूलभूत सुविधाओं की अनुलब्धता होने पर विपणन अनुशासनात्मक दिशानिर्देशों (एमडीजी) में दी गई प्रक्रिया के अनुसार डीलर के विरूद्ध कार्रवाई की जाती है।

अनुलग्नक

"चालू पेट्रोल पंप" के बारे में माननीय सांसद कुमारी राम्या हरिदास द्वारा दिनांक 09.02.2023 को पूछे गए लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1255 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

दिनांक 01.01.2023 की स्थिति के अनुसार भारत में राज्य/संघ शासित प्रदेश-वार) तेल कंपनियों के खुदरा बिक्री केन्द्रों (पीएसयूज और निजी कंपनियों) की संख्या:

क्रम. सं.	राज्य/संघ शासित प्रदेश	खुदरा बिक्री केन्द्रों की संख्या
1	अंडमान व निकोबार द्वीप समूह	19
2	आंध्र प्रदेश	4307
3	अरुणाचल प्रदेश	185
4	असम	1378
5	बिहार	3461
6	चंडीगढ़	48
7	छत्तीसगढ़	2031
8	दादरा और नगर हवेली एवं दमन और दीव	66
9	दिल्ली	400
10	गोवा	130
11	गुजरात	5611
12	हरियाणा	3736
13	हिमाचल प्रदेश	687
14	जम्मू और कश्मीर संघ शासित प्रदेश	628
15	झारखंड	1671
16	कर्नाटक	6092
17	केरल	2658
18	लद्दाख	32
19	लक्षद्वीप	2
20	म य प्रदेश	5772
21	महारा ट्र	7913
22	म णपुर	185
23	मेघालय	275
24	मिजोरम	84
25	नगालैंड	155
26	ओ डशा	2309
27	पुदुच्चेरी	184
28	पंजाब	3982
29	राजस्थान	6256
30	सिक्किम	64
31	तमिलनाडु	6948
32	तेलंगाना	3895
33	त्रिपुरा	111
34	उत्तर प्रदेश	10507
35	उत्तराखंड	783
36	पश्चिम बंगाल	2964
	अ खल भारत	85529

स्रोत: पीपीएसी